मदरसों में स्काउट गाइड कार्यक्रम को संचालित कराया जाना

बैठक में सभी अनुदानित/मान्यता प्राप्त मदरसों में स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किये जाने पर विचार किया गया। यह पाया गया कि स्काउट गाइड नवयुवकों के लिए निम्न प्रकार से सहायक/लाभदायक हैः–

क–यह देश–भक्त, बहादुर, फुर्तीले, सक्रिय, बुद्धिमान, अग्रगामी तथा दूरदर्शी नागरिकों का निर्माण करने वाली संस्था है।

ख–उत्तम नागरिकता की पाठशाला है। खाली समय का सदुपयोग है। यह एक शैक्षिक आन्दोलन है। यह एक शिक्षाप्रद खेल है।, प्रसन्नतादायक वातावरण है।, नेतृत्व का प्रशिक्षण है।

ग–व्यक्ति का चारित्रिक विकास, शारीरिक विकास और बौद्धिक विकास, समाज सेवा और ईश्वर के प्रति कर्तव्य बोध कराने वाली अद्वितीय संस्था है।

घ–भाई–चारा तथा विश्व बंधुत्व का पाठ पढ़ाने वाली संस्था है।

उद्देश्यः–इसका उद्देश्य नवयुवकों के विकास में इस तरह योगदान करना है जिसमें उनकी पूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, समाजिक तथा अध्यात्मिक अन्तः शक्तियों की उपलब्धि हो। व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नागरिकों के रूप में तथा स्थानीय, राष्ट्रीयक समुदायों के सदस्यों के रूप में प्राप्त किया जा सके।

अतः मदरसों के छात्र/छात्राओं के शारीरिक, बौद्धिक, समाजिक विकास एवं राष्ट्र निर्माण में मदरसों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की भूमिका सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सभी मदरसों में स्काउट एवं गाइड कार्यक्रम संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया।